3134. *[Transferred to 17th December, 1992].*

श्रमशक्ति के निर्यात हेतु लाइसेन्स प्रदान किया जाना

3135. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में श्रम शक्ति का निर्यात करने हेतु आज तक कितने व्यक्तियों को लाइसेन्स प्रदान किये गये हैं और उनका ब्यौरा क्या है; और

(ख) श्रम शक्ति के निर्यात हेतु लाइसेन्स पाने वाले व्यक्तियों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की संख्या कितनी है?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पबन सिंह घटोवार): (क) उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के अंतर्गत 30-11-1992 तक 1854 पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी किये गये थे। जिनको पंजीकरण प्रमाणपत्र मंजूर किये गये हैं उन व्यक्तियों के ब्यौरों से संबंधित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से संबंधित व्यवितयों को जारी किये गये पंजीकरण प्रमाण-पत्रों का विवरण अलग से नहीं रखा जाता है।

सरकारी क्षेत्र के श्रमिकों को मंहगाई भत्ता

3136. **श्री गया सिंह:** क्या श्रम मंत्री 9 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 28 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के श्रमिकों के महंगाई भत्ते संबंधी त्रिपक्षीय समिति की सिफारिशों को अब तक क्रियान्वित नहीं किये जाने के क्या कारण हैं?

श्रम मंत्रालय में उप राज्य मंत्री (श्री पबन सिंह घटोवार): सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता संबंधी त्रिपक्षीय समिति की सिफारिशें सरकार के विचाराधीन हैं।

बिहार में बीड़ी कारखानों को बंद किया जाना

3137. **श्री गया सिंह:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार शरीफ और बिहार के अन्य जिलों में बीड़ी कारखानों के मालिकों ने अपने कारखानों को बंद कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप अनेक श्रमिकों की मृत्यु हो गई है और बेरोजगारी के कारण लगभग बीस हजार श्रमिक मृत्यु के कगार पर खड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कोई कदम उठाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

श्रम मंत्रालय में उप राज्य मंत्री (श्री पबन सिंह घटोवार): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Proposal to bring Agricultural Labourers into the Purview of Cooperative field

3138. SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) what steps have been taken by Government to extend protection and other facilities to the unorganised agricultural labourers;

(b) whether Government have any proposal to fix minimum wages for the agricultural labourers as in the case of plantation labourers;

(c) whether Government have any proposal to form agricultural labourers cooperatives to serve exclusively agricultural labourers; and

(d) if so, by when Government propose to bring agricultural labourers under cooperative field?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

3139. *[Transferred to 17th December, 1992]*